February 2021

Monthly Magazine
Year 7 Issue 2

Satyug

नारायण रेकी सतसंग परिवार

In Giving We Believe

सत्युग

हमारा उद्देश्य

"हर इंसान तन, मन, धन व संबंधों से स्वस्थ हो
हर घर में सुख, शांति समृद्धि हो व
हर व्यक्ति उन्नति, प्रगति व सफलता प्राप्त करे।"

वुधवार सतसंग

प्रत्येक वुधवार प्रात ११ वजे से ११.३० वजे तक

फेसवुक लाइव पर

सतसंग में भाग लेने के लिए नारायण रेकी सतसंग परिवार के फेसवुक पेज को ज्वाइन करें और सतसंग का आनंद लें।

नारायण गीत

नारायण-नारायण का उद्घोष जहाँ
राम राम मधुर धुन वहाँ
सबको खुशियाँ देता अपरम्पार,
जीवन में लाता सबके जो बहार
खोले, उन्नति, प्रगति, सफलता के द्वार,
बनाता सतयुग सा संसार
वो है, वो है हमारा नारायण रेकी सतसंग परिवार
हमारा एन.आर.एस.पी., प्यारा एन.आर.एस.पी.
प्यार, आदर, विश्वास बढ़ाता
रिश्तों को मजबूत बनाता, मजबूत बनाता
परोपकार का भाव जगाता
सच्चाई, नम्रता सेवा में विश्वास बढ़ाता
सत को करता अंगीकार
बनाता सतयुग सा संसार
वो है, वो है हमारा नारायण रेकी सतसंग परिवार
मुस्कान के राज बताता,
तन, मन, धन से देना सिखलाता
हमको जीना सिखलाता
घर-घर प्रेम के दीप जलाता
मन क्रम से जो हम देते वही लौटकर आता, वही लौटकर आता
बनाता सतयुग सा संसार
वो है, वो है हमारा नारायण रेकी सतसंग परिवार
एन.आर.एस.पी.,एन.आर.एस.पी.

॥ 卐 ॥

पावन वाणी

प्रिय नारायण प्रेमियों,

।।नारायण नारायण।।

नारायण रेकी सतसंग परिवार कुछ सिद्दांतों का दृढ़ता से पालन करता है । उनमें से एक सिद्दांत है हर पल, हर क्षण प्रशंसा के भाव में जीना । प्रकृति से हमें जो कुछ मिला है उसे आभार के साथ स्वीकार करना और प्रशंसा के भाव से ओतप्रोत रहना । प्रशंसा उस ईश्वर की जिसने इस ब्रहमाण्ड को बनाया । एक -एक कण को जोड़ा और और अद्भुत प्रकृति की संरचना कर दी । सराहना उस परम पिता की जिसने हमें बनाया ।सराहना प्रकृति के उस भाव की जिसने हाड माँस के पुतले में जान फूँक कुदरत को सबसे बेहतरीन तोहफा दिया । कितनी सुंदर साँसें दीं जो एक रिद्दम पर चलती हुई एक अद्भुत संगीत का संचार करती हैं । कितनी सुंदर दृष्टि दी जो हमें इस प्रकृति की सुन्दरता को दिखाती है । कितनी सुंदर बुद्धि दी, जो इस सुन्दरता को सराहने का भाव पैदा करती है । कितनी सुंदर वाणी दी जो शब्दों के माध्यम से प्रेम, दर्शाती है । कितने सुंदर और बहुमूल्य हाथ पैर दिए जिनके माध्यम से हम बुद्धि के माध्यम से जन्मे सेवा कार्यों को अंजाम देते हैं । कितने सुंदर रिश्ते दिए जिन्होंने जीवन को जीने की वजह दी । कितनी सुंदर पेड़ पौधे वनस्पतियाँ, कल- कल करती जीवनदायनी नदियाँ दीं। झर- झर करते झरने दिए, सागर दिए । सब कुछ अद्भुत, अविश्वसनीय, अतुलनीय । जिस ओर दृष्टि जाती है मन प्रशंसा के भाव से सराहना के भाव से भर जाता है ।

सराहना का भाव एक ऐसा अद्भुत भाव है जो हमारे जीवन को सार्थकता प्रदान करता है । जब हम सराहना के भाव से भरे होते हैं तो आदर का भाव पनपता है, आदर का भाव पनपता है तो प्रेम पनपता है प्रेम पनपता है तो सकारात्मकता पनपती है और जब जीवन सकारात्मकता से भरा होता है जीवन सप्त सितारा हो जाता है । आप सब सप्तसितारा जीवन जीएं यह कामना भी और यह चाहना भी ।

शेष कुशल

R. Modi

नारायण नारायण

प्रिय सतसंगियों,

राज दीदी का प्रातः प्रेयर्स का समय ४.३० से ५.३० है। आप भी अपने- अपने घरों में इन वीडियो के साथ प्रार्थना कर दीदी के साथ प्रार्थना का लाभ उठा सकते हैं ।

१) दिव्य प्रर्थनाएँ : You tube link - https://youtu.be/L3lfy-vWTto

-: संपादिका :-

संध्या गुप्ता

09820122502

-: प्रधान कार्यालय :-

राजस्थानी मं डल कार्या लय

बेसमेंट रजनीगं धा बिल्डिं ग, कृ ष्ण वाटिका मार्ग ,

गोकुल धाम, गोरेगां व (ई), मुं बई - ४०० ०६३.

-: क्षेत्रीय कार्यालय :-

अहमदाबाद	जैविनी शाह	:	9712945552
आगरा	अंजनामित्तल	:	9368028590
अकोला	रिया / शोभा अग्रवाल	:	9075322783/ 9423102461
अमरावती	तरुलता अग्रवाल	:	9422855590
बैंगलोर	शुभांगी अग्रवाल	:	9341402211
बैंगलोर	कनिष्का पोद्दार	:	7045589451
बड़ोदा	दीपा अग्रवाल	:	9327784837
भंडारा	गीता शारडा	:	9371323367
भीलवाड़ा	रेखा चौधरी	:	8947036241
बस्ती	पूनम गाड़िया	:	9839582411
भोपाल	रेनूगट्टानी	:	9826377979
बीना (मध्यप्रदेश)	रश्मि हुरकट	:	9425425421
बनारस	अनीता भालोटिया	:	9918388543
दिल्ली (पश्चिम)	रेनू विज	:	9899277422
दिल्ली (पूर्व)	मीनू कौशल	:	9717650598
दिल्ली (प्रीतमपुरा	मेघा गुप्ता	:	9968696600
धुले	कल्पना चौरोडिया	:	9421822478
डिब्रूगढ	निर्मलाकेडिया	:	8454875517
धनबाद	विनीता दुधानी	:	9431160611
देवरिया	ज्योति छापरिया	:	7607004420
गुवाहाटी	सरला लाहौटी	:	9435042637
गुडगाँव	शीतल शर्मा	:	9910997047
गोंदिया	पूजा अग्रवाल	:	9326811588
गाजियाबाद	करुणा अग्रवाल	:	9899026607
गोरखपुर	सविता नांगलिया	:	9807099210
हैदराबाद	स्नेहलता केडिया	:	9247819681
हरियाणा	चन्द्रकला अग्रवाल	:	9992724450
हींगन घाट	शीतल टिबरेवाल	:	9423431068
इंदौर	धनश्री शिरालकर	:	9324799502
इचलकरंजी	जयप्रकाश गोयनका	:	9422043578
जयपुर	सुनीता शर्मा	:	9828405616
जयपुर	प्रीती शर्मा	:	7877339275
जालना	रजनी अग्रवाल	:	8888882666
झुंझुनू	पुष्पा टिबरेवाल	:	9694966254
जलगाँव	कला अग्रवाल	:	9325038277
कानपुर	नीलम अग्रवाल	:	9956359597
खामगांव	प्रदीप गरोदिया	:	8149738686
कोल्हापुर	जयप्रकाश गोयनका	:	9422043578
कोलकत्ता	सी .एसंगीता चांडक	:	9330701290
कोलकत्ता	श्वेता केडिया	:	9831543533
मालेगांव	आरती चौधरी/रेखा गरोडिया		9673519641/ 9595659042
मोरबी (गुजरात)	कल्पना जोशी	:	8469927279
नागपुर	सुधा अग्रवाल	:	9373101818
नांदेड	चंदा काबरा	:	9422415436
नासिक	सुनीता अग्रवाल	:	9892344435
नवलगढ़	ममता सिंगरोडिया	:	9460844144
पिछौरा	स्मिता मुकेश भरतिया	:	9420068183
परतवाडा	राखी अग्रवाल	:	9763263911
पूना	आभा चौधरी	:	9373161261
पटना	अरबिंद कुमार	:	9422126725
पुरुलिया	मृदु राठी	:	9434012619
रायपुर	अदिति अग्रवाल	:	7898588999
रांची	आनंद चौधरी	:	9431115477
रामगढ़	पूर्वी अग्रवाल	:	9661515156
राउरकेला	उमा देवी अग्रवाल	:	9776890000
शोलापुर	सुवर्णा बल्दावा	:	9561414443
सूरत	रंजना गाडिया	:	9328199171
सीकर	सुषमा अक्षवाल	:	9320066700
सिलीगुड़ी	आकांक्षा मुंधडा	:	9564025556
विशाखापत्तनम	मंजू गुप्ता	:	9848936660
उदयपुर	गुणवंती गोयल	:	9223563020
विजयवाड़ा	किरण झंवर	:	9703933740
वर्धा	अन्नपूर्णा	:	9975388399
यवतमाल	वंदना सूचक	:	9325218899

संपादकीय

।। 卐 ।।

प्रिय पाठकों,

।। नारायण नारायण ।।

नए साल की पहली सुबह थी । नए साल पर यह नियम लिया था कि शाम के साथ- साथ में सुबह भी वाक पर जाऊँगी। प्रातः का ५.४५ का समय था । सूर्य देवता अभी भी निशा के आँचल में छिपे हुए थे । जूते पहनकर बड़े ही उत्साह से में घर से बाहर आई । शीत ऋतु की मद्दम- मद्दम बयार पर नाचते छोटे- बड़े पौधे एक अनोखे सुकून का अहसास करा रहे थे । लैम्प पोस्ट से आती श्वेत चमकीली रोशनी काली स्याही सी निरंतर लहराती सड़क अद्भुत सौन्दर्य का परिचय दे रही थी । मैंने अचानक पतिदेव से कहा, 'आज कितना सुंदर लग रहा है न यह सड़क, यह रोशनी, यह झूमते पौधे' । पतिदेव बोले, 'यह आज ही नहीं हर रोज ही इतने सुंदर लगते हैं बस जीवन की आपाधापी में हम इन्हें सराहना भूल जाते हैं' । कहकर वह मुस्कराए। अचानक मुझे अहसास हुआ कि कितनी सत्य है यह बात की जो बहुमूल्य जीवन हमें मिला है उसे हम अकसर सराहना भूल जाते हैं। मन ही मन एक प्राण लिया बहुमूल्य जीवन में जो - जो मिला है उसको सराहने की एक आदत विकसित करूँगी ।

तो पाठकों, हम और आप फरवरी के सतयुग के इस अंक में यह जानेंगे और समझेंगे कि जीवन को कैसे सरहाया जाए ?

शुभकामनाओं सहित,

आपकी अपनी

संध्या गुप्ता

अंतरर्राष्ट्रीय कार्यालय :

नेपाल	रिचा केडिया	977985-1132261
आस्ट्रेलिया	रंजना मोदी	61470045681
बैंकाक	गायत्री अग्रवाल	66897604198
कनाडा	पूजा आनंद	14168547020
दुबई	विमला पोद्दार	971528371106
शारजहा	शिल्पा मांजरे	971501752655
जकार्ता	अपेक्षा जोगनी	9324889800
लन्दन	सी.ए. अक्षता अग्रवाल	447828015548
सिंगापुर	पूजा गुप्ता	6591454445
डबलिनओहियो अमेरिका	स्नेह नारायण अग्रवाल	1-614-787-3341

आपके विचार सकारात्मक सोच पर आधारित आपके लेख, काव्य संग्रह आमंत्रित है - सतयुग को साकार करने के लिये/आपके विचार हमारे लिये मूल्यवान हैं । आप हमारी कोशिश को आगे बढ़ाने में हमारी मदद कर सकते है । अपने विचार उदगार, काव्य लेखन हमें पत्र द्वारा, ई-मेल द्वारा भेज सकते हैं ।
हमारा ई-मेल है 2014satyug@gmail.com

we are on net

narayanreikisatsangparivar   @narayanreiki

प्रकाशक : नारायण रेकी सतसंग परिवार

मुद्रक : श्रीरंग प्रिन्टर्स प्रा. लि. मुंबई.

Call : 022-67847777

मनुष्य जीवन हमारे लाखों योनियों में किए गए अच्छे कर्मों पर प्रभु की कृपा का परिणाम है। मनुष्य जन्म के लिए देवता भी तरसते हैं। हमें जिन्हें यह दुर्लभ जन्म मिला है, हम उसके प्रति कृतज्ञ तो अवश्य होते हैं पर छोटी- छोटी बातों पर झींकते हैं। अपने शिकायती स्वभाव के कारण हम अपने बहुमूल्य जीवन और जीवन में मिले बेशकीमती उपहारों को अपना हक़, समझ नकारते रहते हैं। व्यक्तियों, वस्तुओं, भावनाओं, परिस्थितियों को नकारने का हमारा यह स्वभाव हमें खूबसूरत जीवन का आनंद नहीं लेने देता।

कल्पना कीजिए वो क्षण जब आपने इस संसार में अपनी पहली बार आँखें खोली थीं। माँ के गर्भ में उलटे लटके जीवन जीने के बाद खुली हवा में सीधे सांस लेते आप, आती जाती हर सांस क्या खूबसूरत नहीं लगी थी आपको ? आपका वह पहला रुदन क्या खुशी के अश्रु नहीं थे ? खुली हवा में खुलकर अपने पूर अस्तित्व के साथ जीने की खुशी.... वह ही तो पहला पल था, जीवन को समझने और उसके अस्तित्व को सराहने का। जीवन की पहली सांस याद कीजिए अपनी माँ का स्नेह से भरा वह कोमल आँचल, याद कीजिए गीली शैया पर सोती आपकी माता और सूखे बिछोने पर चैन से सोते आप। माँ की छाती से बहती अमृत की बूँदें जो आपने निर्बल से शरीर को आहिस्ते- आहिस्ते विकसित करती रहीं। स्वतः ही श्रध्दा से माँ की सराहना में झुक नहीं जाता क्या यह शीश ? याद कीजिए अपने पिता का वो मजबूत कांधा जिसपर बैठकर आप स्वयं को पूरी दुनिया में सबसे अमीर मानते थे। एक मातपिता ही तो हैं जिनकी हर एक साँस इसलिए चली कि आप एक सर्वोत्तम जीवन जी सकें। अच्छा भोजन, अच्छे कपड़े, अच्छे जूते, अच्छे संस्कार, अच्छे विचार सब कुछ सिर्फ अच्छा और क्योंकि आप बेहतरीन जीवन जी सकें। एक मातापिता ही तो हैं जिन्होंने हमेशा चाहा कि आप उनसे भी आगे निकल जाएँ। परिवार का एक - एक सदस्य, कहानियां सुनाती दादी माँ, बगीचे में खेल खिलाते दादाजी, लाढ लड़ाते चाचा और बुआ, जीवन के रण में प्रेम, सहयोग, परवाह, आदर, सम्मान का पाठ पढ़ाता आपका परिवार। अगर यह सब न होते तो क्या आप आज वो होते जो आज आप हैं ? क्या मन नहीं हो रहा इनकी सराहना का ? पाठशाला के शिक्षक, वहाँ गैरों में अपने बने आपके मित्र जो कभी आपकी उपलब्धियों पर खुश हुए कभी आपसे गलतियों पर झगडे, कुछ आपसे आगे निकल गए, कुछ आपसे पीछे रह गए पर हर कोई आपके जीवन को खट्ठी मीठी यादों के अनमोल खजाने से भर गए क्या अकसर इन यादों को सराहने का दिल नहीं करता ?

खाने को उत्तम भोजन, पीने का शीतल जल, क्या कभी मन नहीं करता इस धरा को, वनस्पतियों को, इन पेड़ पौधों को, फलों से लदी टहनियों, को माँ के द्वारा परोसी गई भोजन की थाली को, मटके के जल को, इन नदियों को, झीलों, को सागर को, सराहें ? करता है न फिर क्यों नहीं सराहते ? क्यों पानी गन्दा हो रहा है, खाने में यह कम है, वो अच्छा नहीं बना इत्यादि- इत्यादि बातें करके अपने भीतर छिपे प्रशंसा के भावों को खोखली शिकायतों के पीछे छिपा देते हैं।

क्या किसी बेघर को देख अपने छोटे से ही सही पर प्यार के मजबूत सहारे से खड़े आशियाने को सराहने के लिए स्वतः ही मन मचल - मचल नहीं जाता ? कल तक जिस घर की दीवारें रंगत उड़ी जगह - जगह से उधड़ा प्लास्टर आपको क्रोध दिलाता था, बैचैन करता था किसी अमीर व्यक्ति के घर से अपने घर की तुलना एक बैचैनी, एक खीज उत्पन्न करती थी वह ही खीज फुटपात पर सोए बेघर को देख अपने जीवन को सराहने के लिए उद्दत नहीं हो जाते ? सहसा उस परम पिता के आगे सिर नहीं झुक जाता ? जीवन एक उत्सव नहीं लगने लगता ? तो फिर उस क्षण ही क्यों? हर पल हम जीवन को क्यों नहीं सराहा सकते ? न जाने कितने हैं जिनके लिए हमारा जीवन एक सपना है और न जाने कितने हैं जिनका जीवन हमारे लिए सपना है पर सपने तभी पूरे होते हैं जब हम उन सपनों के लिए प्रशंसा का भाव रखें, आदर का भाव रखें। प्रशंसा का भाव, आदर का भाव, आभार का भाव,जीवन में प्रचुरता के दरवाजे खोलता है। आपको जीवन में जो कुछ भी हासिल है उसे सराहें, हर रिश्ते को, हर भाव को, हर चीज को हर परिस्थिति को सराहने का और आभार का

भाव रखें और देखें जीवन कैसे एक सुमधुर गीत बन जाता है ।

प्रशंसा और सराहना एक आदत है स्वभाव है जिसे बड़ी ही आसानी से हम अपने भीतर विकसित कर सकते हैं आवश्यकता है तो बस एक बात की और वह है अपने नजरिये को बदलने की । दीदी कहती हैं, **'नज़र बदलिए नज़ारे बदल जाएंगे, दृष्टिकोण बदलिए दृश्य बदल जाएंगे ।'** एक बार जीवन को सराहने की आदत तो डालिए देखिए जीवन कैसे बदलता है । धीमी- धीमी बहती पवन, झूम -झूम कर नाचते पेड़ पौधे, खुशबू बिखेरते पुष्प, कल- कल बहती नदियाँ, जीवन में आने वाला हर व्यक्ति, जीवन में होनेवाली हर घटना को एक बार सरहाने की आदत डाल लेंगे आपके कंठ से निकलने वाला हर एक शब्द स्वतः ही सराहना और प्रशंसा बन जाएगा । अब प्रश्न यह आता है है कि सराहना की यह आदत कैसे विकसित करें ? कुछ छोटे- छोटे परिवर्तन अपने भीतर करें और सराहना को जीवन में सहज ही उतरते देखें:-

१) सुबह उठते ही अपनी चलती साँसों की सराहना करें जो आपको जीवन का एक और दिन दिखा रहीं हैं । अगर आज यह सांस न चल रही होती तो क्या आज का दिन देख पाते आप? आहिस्ते से सांस को भरते हुए धन्वाद करें उस परम शक्ति का ।

२) हर छोटी बड़ी चीज को सराहें जो आपके जीवन को आसान बना रही है ।

३) बड़ो को चरण स्पर्श और छोटों को स्नेह दें । यह बातें आपको अपने रिश्तों को सराहना सिखाएंगे ।

४) हँसी ठाहकों के साथ - साथ मतभेदों की भी सराहना करें क्योंकि यह ही तो जो आपको, अपने विचारों, को उचित राह प्रदान करते हैं ।

५) सूरज की रोशनी और चाँद की शीतलता को महसूस करें । प्रकृति से नजदीकियां बनाएं ।

६) जीवन में आगे बढ़ने के लिए अपने से ऊपर देखना आवश्यक है तो जीवन में संतोष और आनद के लिए उन लोगों के जीवन को देखना भी जरुरी है जो आपसे कमतर, सुविधाओं और विपरीत परिस्थितियों में जी रहे हैं ।

७) अपने रिश्तों से असंतुष्ट हैं तो उनकी ओर देखें जिनके पास रिश्ते हैं ही नहीं, संबंधों के सराहना का भाव अपने आप ही प्रस्फुटित हो जाएगा ।

८) अपने प्रति, अपने गुणों के प्रति, अपने भावों के प्रति सम्मान के भाव से भरें, सम्मान का यह भाव सराहना के भाव को सहज ही विकसित कर देगा।

९) दीदी द्वारा सिखाई गई प्रार्थना की यह पंक्तियाँ याद रखें, हम कृपशाली हैं, हम भाग्यशाली हैं, हम पर नारायण की असीम कृपा है, असीम कृपा है, असीम कृपा है । यह ऐसे चमत्कारिक शब्द हैं जो आपके भीतर इस बात को भीतर से उतार देते हैं कि जीवन बहुमूल्य है जिसे सराहना ही सर्वोत्तम है ।

१०) सदैव याद रखें आपका जीवन इतना बेशकीमती यह सर्वश्रेष्ठ योनि देवताओं के लिए भी दुर्लभ है, पर कृपा है उस परम पिता की कि हमको सहज ही मिल गया है जब आप हर पल, हर क्षण यह याद रखेंगे तो हृदय के भावों से सिर्फ और सिर्फ सराहना के ही शब्द निकलेंगे ।

रेशमा हेड़ा को जन्मदिन (२ फरवरी) पर सुख,शांति,समृद्धि,उन्नति, प्रगति,सेहत,सफलता से भरे सप्त सितारा जीवन का नारायण आशीर्वाद ।

जीवन में आतंरिक शांति कैसे पाएं इन उपायों को बताते हुए दीदी ने कहाः-

१) अपने जीवन में कड़ी मेहनत और ईमानदारी को अपनाएं।

२) अपने आप को एक माध्यम के रूप में देखें, कर्ता, ईश्वर है।

३) हर जीव में नारायण को देखें, ईश्वर के सामने आत्मसमर्पण करें और सांसारिक कर्तव्यों को करते हुए भी ईश्वर स्मरण करते रहें।

४) ईश्वर ने अपनी बनाई हुई इस दुनिया को चलाने के लिए हमें माध्यम के रूप में चुना है। ईश्वर स्वयं कर्ता है, और हमारा मार्गदर्शक है, हम उसके द्वारा चुने गए माध्यम हैं।

५) हम तो महज एक साधन है जिसका जरूरत पड़ने पर वो उपयोग करता है किसी की मदद करने के लिए।

६) यदि आप किसी के लिए अच्छे बनते हैं, अच्छा है लेकिन यदि आप किसी के लिए कुछ अच्छा करके भूल जाते हैं वो सबसे अच्छा है। बजाय अपने किये काम का एहसान जताने के भीतर से यह एहसास करें कि जो कार्य अच्छा हुआ है वह अच्छा होना ही था क्योंकि ईश्वर ने आपको माध्यम बनाया था उसे अच्छा करने के लिए।

७) किसी भी कार्य को करने के लिए हम तो महज एक माध्यम है जो भी अच्छा कार्य हमसे होता है वह उसकी कृपा से होता है। यह भाव आते ही आपके भीतर विनम्रता बढ़ती चली जायेगी। दूसरा व्यक्ति भी एहसान के बोझ के तले नहीं दबेगा।

८) जब आप कभी किसी की मदद करते हैं, तो वह बदले में किसी की मदद करेगा। एक दूसरे की मदद करने की श्रृंखला को आगे बढ़ाते रहें । जब आप अच्छा काम करना जारी रखेंगे, तो जब आपको सबसे ज्यादा ज़रूरत होगी वह आपको बहुगुणित होकर वापस मिलेगा।

९) जो भी कुछ भी उपलब्ध है उसमें से हमेशा दूसरों को देने और मदद करने के लिए प्रेरित हों। जब से हम पैदा हुए हैं हम समाज से सब कुछ ले ही ले रहे हैं, हमें स्वार्थी नहीं होना चाहिए। हमें इसे वापस करना चाहिए। हमें 'मुझे और मेरे परिवार' की अवधारणा से ऊपर उठना चाहिए। सभी धर्म दान को बढ़ावा देते हैं। इसके पीछे क्या रहस्य है .. हमारे बुजुर्गों ने भी हमें दान देने के लिए प्रेरित किया।

१०) जब आप दान देते हैं, तो आपको एहसास होता है कि आपके पास धन की प्रचुरता है, जब यह एहसास विश्वास में परिवर्तित होता है तो आप बहुतायत को आकर्षित करते हैं।

११) जब आप कुछ देते हैं तो यह कई गुना मल्टीप्ल हो कर आता है। नारायण शास्त्र के अनुसार यदि आप एक देते हैं तो यह ११ गुना अधिक मल्टीप्ल होकर आता है।

१२) कुछ धर्मों का मानना है कि आप (कण दे और मण पाएं) जब आप देते हैं, तो आपको अच्छा लगता है।

१३) आप संतुष्ट महसूस करते हैं कि जब किसी को आपकी मदद की जरूरत थी तो आप उसकी मदद करने के लिए वहाँ थे, भले ही वह आपके लिए एक अजनबी था।

१४) आप खुशी महसूस करते हैं क्योंकि आपकी मेहनत की कमाई अच्छे काम के लिए उपयोग की जाती है।

१५) आत्मविश्वास और इच्छा शक्ति में क्या अंतर है?।

अहंकार ± आत्मविश्वास मिलकर ओवर कॉन्फिडेंस को जन्म देते हैं।

आत्मविश्वास में बढ़ोत्तरी इच्छाशक्ति है। जब आप किसी को कुछ देते हैं जिससे आप अच्छा महसूस करते हैं तो आपके चेहरे पर मुस्कान आती है। आपका आत्मविश्वास बढ़ता है और इससे आपकी इच्छा शक्ति मजबूत होती है।

१६) 'फील गुड तरंगों' में असाध्य रोगों को ठीक करने की शक्ति है।

जब ये सुखद तरंगे आपके शरीर से बाहर निकलती हैं तो वे आपके जीवन में अच्छी चीजों और अच्छे लोगों को आकर्षित करती हैं। जैसे व्यायाम मांसपेशियों को मजबूत बनाता है। इच्छा शक्ति हमारी मानसिक मांसपेशियों को मजबूत बनाती है।

१७)जब आप किसी के चेहरे पर मुस्कान लाने का कारण बनते हैं, तो आपके आत्मविश्वास में सुधार होता है और आपकी शक्ति और ऊर्जा के स्तर में सुधार होता है।

१८) दीदी ने देने की आदत को बढ़ाने के लिए एक सुंदर और सरल विधि साझा की। दीदी ने कहा कि हमें हमेशा सिक्कों का एक पाउच रखना चाहिए और सब्जी विक्रेताओं, रिक्शा चालकों, किराना वालों को इसे शुभकामनाएं और प्रचुरता के आशीर्वाद के साथ देना चाहिए

१९) खुशहाल व्यक्ति की खुशहाली का राज है सभी के लिए उसके द्वारा की जानी वाली प्रार्थनाएं । जब हम प्रार्थना करते हैं तो हमें ब्रह्मांड से कई गुना आशीर्वाद प्राप्त होता है।

२०) शास्त्र कहता है 'अतिथि देवो भवः'सबसे पहले अतिथि आपके धन और स्थिति से प्रभावित नहीं होते हैं, वे आपकी मुस्कान और गर्मजोशी से किए गए स्वागत से प्रभावित होते हैं।

२१) नारायण शास्त्र कहता है कि अतिथि को आप जिस भाव से देखते हैं, जिस चाव से देखते हैं, वैसी ही बरकत आपके घर में होती है। यदि आप अतिथि को देव के रूप में देखते हैं, तो आपके घर की सुख शांति समृद्धि में बढ़ोत्तरी होती है और यदि अनावश्यक के रूप में देखते हैं तो वैसी ही व्यवस्था हो जाती है।

नारायण के आशीर्वाद और नारायण शक्ति से रंजीता मालपानी को प्रति माह ५६ करोड़ का जैकपॉट कमाने का दिव्य आशीर्वाद ।

संतोष लड्ढा को जन्मदिन (८ फरवरी) को जन्मदिन पर सुख,शांति,समृद्धि,उन्नति, प्रगति,सफलता भरे सप्त सितारा जीवन का नारायण आशीर्वाद ।



युवा मंच

एकमात्र ग्रह जहाँ जीवन पाया जाता है वह है पृथ्वी और हम मानव भाग्यशाली हैं जो हमें इस ग्रह पर जन्म मिला व इसकी बहुतायत को अनुभव करने का अवसर मिला। जीवन विभिन्न रूपों में मौजूद है और ब्रह्मांड की प्रत्येक इकाई महत्वपूर्ण है और हर रूप सराहने योग्य है जैसे पृथ्वी, हवा, पानी, अंतरिक्ष, बादल, जानवरों और पौधे। यह सूची अंतहीन है और इकॉलजी के अनुसार हमारा अस्तित्व एक दूसरे पर निर्भर करता है। इस तथ्य के अनुसार, हमें प्रत्येक जीवन की कदर और सराहना करनी चाहिए जो हम अपने जीवन में आशीष के रूप में मिले हैं। प्रशंसा एक ऐसा गुण है जो सकारात्मकता पैदा करने में महत्वपूर्ण है। आइए हम एक छोटे बच्चे का उदाहरण लेते हैं।

आपने एक शिशु को कदम उठाने की कोशिश करते हुए अवश्य देखा होगा । जब हम बच्चे के प्रयासों पर ताली बजाते हैं और सराहना करते हैं, तो वह उत्साहित हो पुनः कोशिश करता है।

मनुष्य ही नहीं, अचर भी प्रशंसा पसंद करते हैं। हाल ही में ऑस्ट्रेलिया से एक महिला द्वारा शेयरिंग की गयी जिसने साँझा किया कि वह अपनी कार से अक्सर कहती - आप मेरी सबसे अच्छी साथी हैं, मैं आपको प्यार करती हूँ और आप हमेशा मेरे साथ रहते हैं । एक बार कार दुर्घटना ग्रस्त होने के कारण उसने कार के बीमा वसूली की अर्जी लगायी तो उसे एक ऐसी राशि मिली जो कार के मूल्य से दोगुनी थी और उस पर भी बीमा कंपनी ने उस कार को उसी के पास छोड़ दिया। कार की मरम्मत कराकर वह महिला आज भी इसका उपयोग कर रही है। प्रशंसा दोनों ही व्यक्तियों में अच्छा एहसास कराने वाले हार्मोन का प्रवाह बढ़ाती है। ऐसा करते समय, जब उस व्यक्ति के अच्छे गुणों को हाइलाइट किया जाता है तो यह बर्ताव स्वतः ही उस व्यक्ति के अन्य क्षेत्रों में भी सुधार को आकर्षित करता है!

उदाहरण के लिए - कंपनियों के कर्मचारियों को उनके उत्तम कार्य निष्पादन के लिए दिए जाने वाले प्रदर्शन पुरस्कार (परफारमेंस अवार्ड) सराहना के तरीके हैं जो कर्मचारियों को बेहतर प्रदर्शन करने और बेहतर परिणाम देने के लिए प्रेरित करते है।

सराहना में ब्रह्मांड के हर परमाणु की सकारात्मक ऊर्जा को जागृत करने की क्षमता है, इसलिए हमें हर छोटी से छोटी चीज़ की सराहना करनी चाहिए जो हमें आशीर्वाद स्वरूप मिली है।

उस व्यक्ति से पूछें, आंखों का मूल्य, जो देख नहीं सकता,
उस व्यक्ति से पूँछे , कान का मूल्य, जो सुन नहीं सकता,
उस व्यक्ति से पूँछें, वाणी का मूल्य, जो बोल नहीं सकता,
उस व्यक्ति से पूँछें, घर का मूल्य, जिसके पास कोई आश्रय नहीं है,
उस व्यक्ति से पूँछें, पानी का मूल्य, जो रेगिस्तान में रहता है,
उस व्यक्ति से पूँछें, परिवार का मूल्य, जो अनाथ है। हम वास्तव में भाग्यशाली हैं कि हमें अच्छी सेहत, धन, आनंदमय सामंजस्यपूर्ण रिश्तों, अद्भुत परिवार, चारों और बिखरी शानदार नैसर्गिक सुंदरता और मिलता है एक नया दिन जो हमें बहुतायत का आनंद लेने और सराहना करने के अवसर प्रदान करता है।

वोल्टायर कहते हैं - 'प्रशंसा में एक अद्भुत बात है, यह दूसरों के साथ हमें भी उत्कृष्ट बनाती है।'

बच्चों की फुलवारी

सुधार एक अनातार्निहीत मानवीय गुण है । सुधार का यह गुण उस समय दिखाई देता हैं जब कोई चुनौतीपूर्ण स्थिति उत्पन्न होती है ।

बारिश होने पर असुविधा होती है । यदि गीष्मकाल अधिक लम्बा हो जाता तो पानी की कमी हो जाती है और गर्मी को दूर करने के तरीकों पर विचार करना पड़ता है । वर्षा जल संचयन(वाटर हार्वेस्टिंग) तकनीक के द्वारा अतिरिक्त वर्षा जल का संचय किया जाता है । गैर ऊर्जा स्त्रोतों के लिए सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा का दोहन किया जाता है । ऐसा इसलिए संभव हो सका है क्योंकि मनुष्य ने परिस्थितियों को अपनाया और जीवन सुधार के लिए इन तकनीकों को सराहा और अपनाया। सतयुग का इस बार का अंक **'यूँ सराहें जीवन को'** विषय पर पाठकों, दिशा देने के लिए है । लॉक डाउन के इस समय ने हमें आशावादी और सकारात्मक रहना सिखाया है हमने देखा की सकारात्मकता की वजह से ही अनेकों लोग इस वायरस से जूझ सके और इससे बाहर आ सके । सकारात्मक व्यवहार की वजह से ही लोग आर्थिक चुनौतियों का सामना कर सके और एक विजेता की तरह नए बिजनेस आयडिया के साथ उभरे ।

राज दीदी कहती हैं, 'जीवन आपके सामने जो भी परिस्थिति लाता है यदि हम स्थिति को स्वीकार कर लेते हैं और उस माध्यम की सराहना करते हैं और बुद्धिमता से उसका उपयोग और उपभोग करते हैं तो आप उस परिस्थिति पर बड़ी ही आसानी से विजय प्राप्त कर लेते हैं । वार्तमान की स्थिति में, ज़ूम, गूगल, और माइक्रोसाफ्ट द्वारा प्रारंभ की गई सुविधाओं ने लोगों को एक दूसरे के करीब ला दिया है । यद्धपि हम शारीरिक तौर पर एकदूसरे से नहीं से नहीं मिल रहे हैं पर हम असल में हम कक्षाओं में उपस्थित हो रहे हैं ऑफिसों में उपस्थित हो रहे हैं इतना ही नहीं सतसंग भी हो रहे हैं और लाखों लोग एक दूसरे से जुड़ रहे हैं । रामायण में लिखा है, 'ईश्वर के हर विधान में मंगल विधान है' । गीता कहती है, जो हुआ अच्छा हुआ और जो होगा अच्छा होगा' । जब ऐसा है है तो फिर क्यों न हर उस चीज की सरहाना करें जो हमें प्राप्त है और जीवन के सर्वोच्च लक्ष्य को प्राप्त करें।

बतौर स्पार्कलिंग स्टार्स अब जबकि परीक्षाएं नजदीक हैं ऑन लाइन कक्षाओं की कमियाँ ढूँढने के बजाय स्कूल के पदाधिकारियों की प्रशंसा करें जिन्होंने ऐसी विषम परिस्थिति में भी ऑन लाइन क्लासेज के माध्यम सेआपकी पढ़ाई प्रारंभ रखी है।

आभार और मुस्कान दो ऐसे गहने हैं जो आपको अपने लक्ष्यों को की और ले जाएंगे।

आइए, हमें जो बहुमूल्य जीवन मिला है उसे सराहें' ।

दीदी के छाँव तले

नारायण रेकी सतसंग परिवार के मा ध्यम से राज दीदी ने सतसंगियों को नारायण रेकी और प्रार्थना के ऐसे माध्यम दिए हैं जो सहज ही सबके जीवन को सरल बनाते जा रहे हैं। ऐसे ही कुछ अनुभवः-

राजेश शाह (कनाडा):- मैं कनाडा में रहता हूँ । एक रेकी चैनल हूँ और नियमित नारायण रेकी का अभ्यास करता हूँ । अभी पिछले दिनों हमारा जैक पॉट लगा । राज दीदी से ज़ूम मीटिंग पर मिलना हुआ । ज़ूम मीटिंग से पहले ऑय प्रेशर अधिक होने के कारण मेरी आँखें बहुत लाल हो गईं थीं । दीदी ने ज़ूम मीटिंग में स्वास्थ्य की प्रार्थना कराई । जब मीटिंग समाप्त हुई तो मेरे आश्चर्य का ठिकाना न रहा मेरी आँखें जो पहले लाल थीं अब पूरी तरह नार्मल थीं । प्रार्थनाओं का इतना इनेस्टेंट परिणाम ने मेरी नारायण रेकी प्रार्थनाओं में मेरे विश्वास को और अधिक प्रबल कर दिया । राज दीदी का रोम- रोम से धन्यवाद ।

स्वीटी (नेपाल) :- मैं नेपाल से हूँ । नियमित प्रार्थना और नारायण रेकी हीलिंग करती हूँ । एक दिन मैं शापिंग के लिए गई । मैं अपने बहुत ही कीमती धूप के चश्मे को किसी दुकान पर भूल आई । पर यह बात मुझे पता नहीं था ।हफ्ते भर बाद जब मैं पुनः उस दुकान पर गई तो उस दुकानदार ने मुझे मेरे चश्मे लौटा दिए । मेरे इतनी कीमती चश्मे मुझे नारायण की कृपा से वापस मिल गए । मेरा यह प्रबल विश्वास है कि नारायण हर पल आपके साथ हैं और हर क्षण आपकी रक्षा करते हैं ।

पूर्वी दलाल :- मैं एक रेकी चैनल हूँ । मेरी माँ फ्रेक्चर के कारण टोटल बेड रेस्ट पर थीं । मैंने फलीभूत करें प्रार्थनाओं सकारात्मक वाक्य लिया और बोन और अन्य सिंबल से उन्हें रेकी देनी आरम्भ की । मुम्बई सेण्टर पर भी उनकी प्रेयर हो रही था । हमारी लगातार प्रार्थनाओं का यह प्रभाव हुआ कि मेरी मम्मी की रिकवरी बहुत ही अच्छी हुई । हमने प्रार्थनाओं में जो डेट डाली थी उस डेट तक मम्मी पूर्तः स्वस्थ हो अपने आप बिना सहारे के चलने लगीं । नारायण धन्यवाद । राज दीदी धन्यवाद ।

मंदीप (दिल्ली):- मैंने अभी हाल में ही नारायण रेकी सीखी है । उसमें एक सिंबल है नारायण कवच जिसका प्रयोग किसी भी चीज को सेफ़ और सिक्योर करने के लिए किया जाता है । मैं एक दिन बाजार गई तो मैंने अपने पर्स पर नारायण कवच बनाया । मैंने ऑय ड्राप खरीदा जो १४३ का था पर दुकानदार ने मुझे वह डिस्काउंट के साथ सिर्फ २५ रूपये में दे दिया । जब में हेयर स्प्रे खरीदने पहुँची तो उसकी कीमत ४०० रूपये थी पर दुकान पर ५०% की सेल चल रही थी और मुझे वह स्प्रे २०० रुपयों में मिल गया। अपने धन की सुरक्षा के लिए इतना सटीक सिंबल देने के लिए राज दीदी का कोटि- कोटि धन्यवाद ।

कुसुम

आज कालेज का प्रथम दिन था । सभी युवा बड़े ही उत्साहित थे । तभी कक्षा में प्रोफ़ेसर ने प्रवेश किया और आपसी अभिवादन के बाद हमारे सामने एक गजब की बात रखी । उन्होंने कहा, पूरी कक्षा में आपको एक ऐसे व्यक्ति के साथ परिचय करना है जिसे आप पहले से नहीं जानते । अभी मैं, किसी अनजान व्यक्ति से परिचय करने के लिए दृष्टि घुमा ही रहा था कि तभी एक कोमल हाथ ने मेरे कंधे को छुआ । मैं पीछे की ओर मुड़ा और एकदम चौंक गया बी. कॉम की क्लास जिसमें ज्यादातर लोग मेरे हमउम्र थे यह यह ८० के लगभग की बुजुर्ग महिला यहाँ क्या कर रही है । उसकी चौड़ी आत्मविश्वास से भरी मुस्कान ने मेरे पूरे अस्तित्व को हिला दिया । उसने उत्साह से कहा, 'हाय! मेरा नाम कुसुम है, क्या मैं तुमको गले लगा सकती हूँ'? मैंने एक मुस्कान के साथ कहा, 'बेशक! आप मेरी दादी की उम्र की हैं, आप बेशक मुझे गले लगा सकती हैं!' पर मैं तुम्हारी दादी नहीं! तुम्हारी दोस्त कुसुम हूँ, मुझसे दोस्ती करोगे' ? न जाने कैसी अजीब सी मिठास थी उनकी बातों में, मैंने उनकी दोस्ती का जवाब दोस्ती से देते हुए उन्हें जोर से गले लगा लिया । मैंने मुस्कराते हुए दोस्ताना व्यवहार करते हुए कहा, 'आप इस नाजुक उम्र में कालेज में'?

उन्होंने चुहल करते हुए कहा, 'मैं पढ़ लिख कर अपने लिए एक अमीर पति, और एक शानदार जिंदगी की तलाश में यहाँ आई हूँ ।' 'पढ़ाई के लिए नहीं?' मैं हँसा । वह बोली, 'बी. कॉम करना मेरा सपना था, जिसे मैं पूरा करना चाहती हूँ ।' मैं एक बार फिर चौंका । मुझे उनकी बातों में मजा आने लगा था । कक्षा के बाद हम केंटीन गए वहाँ हमने मिलकर चाकलेट मिल्कशेक पीया हम जल्द ही गहरे दोस्त बन गए ।

कुसुम बिना रुके लगातार बोलती थीं । उनकी बातें इतनी मजेदार होती थीं की मैं उन्हें मन्त्र मुग्ध सुनता जाता । मैंने उनका नाम टाइम मशीन रख दिया था, उनकी सारी बातें और अनुभव दिनांक और सन के साथ शुरू होते थे समय को इतनी अकुरेसी से याद रखना उनका एक विलक्षण गुण था ।

धीरे- धीरे कुसुम अपने मिलनसार, हँसमुख, और सहयोगी स्वभाव के कारण सबकी चहेती बन गई । जब कभी कोई प्रोफ़ेसर कक्षा में अनुपस्थित रहता, या हमारे पास अतिरिक्त समय होता सभी छात्र कुसुम को घेर कर बैठ जाते और घंटो उनकी बातों से अपना ज्ञान बढ़ाते और जी खोलकर हँसते । कभी हम उनकी टांग खींचते तो कभी वह हमारी । हमारे और उनके बीच का उम्र का एक लम्बा फासला था जो मिट चुका था हम सिर्फ दोस्त थे अच्छे दोस्त । एक दिन उन्होंने एकाउंट्स के प्रोफ़ेसर की क्लास बंक कर 'दिल वाले दुल्हनिया' ले जाएंगे मूवी का प्रोग्राम बनाया और हम सबको फिल्म दिखाने ले गई । जब सामूहिक बंक की वजह प्रोफ़ेसर को पता चली तो उन्होंने पूरी कक्षा के सामने कुसुम से जवाब तलब किया । कुसुम बड़ी ही मासूम सी शक्ल लेकर सिर झुकाए खडी थीं । उनकी मासूमियत पर हमारी ही नहीं प्रोफ़ेसर की भी हँसी फूट पड़ी । परीक्षा में वह कई बार नक़ल के लिए पर्चियां बना कर लातीं, पकडे जाने पर बड़ी मासूमियत से कहतीं बी. काम की परीक्षा में ही तो चीटिंग कर सकती हूँ प्रोफ़ेसर जिंदगी की परीक्षा में तो अव्वल हूँ ना?' देखते- देखते सत्र पूरा हो गया । हमारे कालेज में हर

सत्र की समाप्ति पर 'हमारे मन की' नाम का कार्यक्रम रखा जाता था जिसमें छात्र स्टेज पर आकर अपने मन की बात कहते थे ।

उस दिन कुसुम गिरती पड़ती स्टेज पर आई । हाई हील और उसपर पहनी गई काली वन पीस ड्रेस गजब ढा रही थी । आते ही वह बोलीं, 'सॉरी मेकअप करने में थोड़ा समय लग गया।' पूरा हाल हँसी के ठहाकों से गूँज गया । उन्होंने अपना गला साफ़ किया और गंभीर सुर में बोलना शुरू किया, ' दोस्तों, हम बूढ़े नहीं होते हमारा शरीर बूढा होता है जानते हैं क्यों? क्योंकि हम जबरदस्ती उम्र के अंकों को अपने ऊपर ओढ़कर हंसना भूल जाते हैं । जीना भूल जाते हैं । खिलखिलाना भूल जाते हैं, नाचना गाना भूल जाते हैं अपनी जिम्मेदारियों को हम खुशी से निभाते हुए भी स्वयं को इतना गंभीर बना लेते हैं कि हमारी इच्छाएं, हमारा स्वाभाविक स्वभाव कहीं गुम जाता है । लोग क्या कहेंगे, लोग क्या सोचेंगे? हमारी यह सोच हमें कृत्रिम बना देती है । हम जीते हुए भी प्रतिपल स्वयं अपने वजूद को मारते चले जाते हैं । आप किस उम्र पर क्या करोगे यह विश्व के किस शास्त्र में लिखा है ? हमारा जीवन है जिसे हम अपने मुताबिक़ जीने के लिए स्वतन्त्र हैं । स्वतंत्रता हमेशा प्रगति की ओर ले जाती, है खुशहाली की ओर ले जाती है अनुशासन की और ले जाती है । कोई भी किसी भी ऊंचाई को हासिल कर सकता बस वहाँ तक पहुँचने की चाह होनी चाहिए । मरते समय लोगों को अपनी उपलब्धियों की खुशी से ज्यादा उन सब बातों की ग्लानि होती है जो वह अपने खूबसूरत और दुर्लभ जीवन में करना चाहते थे पर नहीं कर पाए । जीवन की अंतिम सांस जीवन को सराहते हुए लेनी चाहिए न की ग्लानि से भरी हुई ।

पूरा हाल जो चुपचाप कुसुम को सुन रहा था तालियों की गडगडाहट से भर गया।

कुसुम ने परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की थी । गेजुएशन के एक सप्ताह के बाद कुसुम एक रात चिर निद्रा में सो गई ।

कालेज का एक - एक विद्यार्थी और एक - एक प्रोफ़ेसर की आँखें नम थी । कुसुम जीवन के नए मायने सबको समझा गई थी ।

वो आदमी

एक बार की बात है, एक आदमी तो जो स्वभाव से बहुत ही दयालु और मददगार था । एक दिन वह सड़क पर जा रहा तभी उसे रास्ते में एक पर्स पड़ा हुआ दिखाई दिया । उसने पर्स उठाया और देखा कि वह खाली था। किसी लुटेरे ने सारे रूपये निकाल कर खाली पर्स सड़क पर फेंक दिया था । अचानक एक पुलिस वाले के साथ एक महिला आई और रोते हुए बोले, 'प्लीज मेरे रूपये लौटा दो मैंने बड़ी मेहनत से अपने बेटे की स्कूल की फीस के लिए जमा किए थे।' पुलिस वाले ने भी उस महिला को धमकाते हुए कहा कि वह उस महिला के पैसे लौटा दे। न जाने उस आदमी को क्या सूझा उसने अपनी जेब में रखे सारे पैसे उस महिला को लौटा दिए । रूपये लेकर जब वह महिला अपने घर पहुँचीं तो उसने देखा कि जितने पैसे खोए थे ये रूपये उन रुपयों से दुगुने थे । उसकी खुशी का ठिकाना न रहा । अगले दिन वह महिला जब अपने बेटे की फीस जमा करने जा रही थी तो उसने देखा

एक चादर ओढ़े एक आदमी उसके पीछे आ रहा है । वह महिला डर गई । उसे लगा कि पिछले दिन की भांति शायद कोई लुटेरा फिर से उसके पैसे लूटने के लिए उसके पीछे पड़ा हुआ है । डर से उसने चौराहे पर खड़े पुलिसकर्मी से उस आदमी की शिकायत की । पुलिसकर्मी ने जैसे ही उस आदमी की ओर हाथ बढ़ाया तो उस आदमी का चादर गिर पड़ा । उसकी शक्ल देख पुलिसकर्मी और वह महिला चौंकी। जब पुलिसकर्मी ने उससे पूछा कि वह उस महिला के पीछे क्यों आ रहा था ? तो उस व्यक्ति ने कहा, मैंने कल रूपयों के लिए इनकी विवशता देखी, मैं नहीं चाहता था कि कल की तरह कहीं कोई लुटेरा इनके पैसे न लूट ले । स्त्री उस आदमी के सामने नतमस्तक हो गई । वह समझ चुकी थी कि कल उसे जो पैसे उस आदमी ने लौटाएं थे वो उस आदमी के खुद के पैसे थे जो उसने उस औरत की विवशता देखकर दयावश, इंसानियत के नाते लौटा दिए थे । स्त्री की आँखों से अविरल अश्रु बह रहे थे ।

जीवन आपको अजीब अनुभव देता है । कभी- कभी यह आपको गंभीर झटके भी देता है और कभी- कभी यह आपको आश्चर्यचकित भी कर देता है। हम अपने गुस्से और हताशा में अकसर गलत निर्णय या गलतियाँ कर बैठते हैं । जब भी मौका मिले अपनी गलतियाँ सुधारें। अहसानों को वापस करें दयालु और उदार बनें । आपको जो भी मिला है उसकी सरहाना करना सीखें ।

कार्मिक हीलिंग कुछ परिवर्तन का साथ कार्मिक हीलिंग इस तरह करें :-

बाएं हाथ से

' हे नारायण आपका धन्यवाद है आप हर पल हर क्षण हमारे साथ हैं' ,

आपकी उपस्थिति में मैं/हम उन लोगों के लिए जाप करने जा रहा/रही हूँ जिन्हें भी मैंने/हमने जाने अनजाने नकारात्मक विचार , वाणी व्यवहार से आहत किया है। हम उनसे क्षमा चाहते हैं , साथ ही जिन्होंने हमारे साथ भी विचार, वाणी व्यवहार से नकारात्मक व्यवहार किया है उन व्यक्तियों को हम क्षमा करते हैं। हम नारायण से प्रार्थना करते हैं उनका जीवन - सुख , शांति , समृद्धि , लव , रेस्पेक्ट, फ़ेथ , केयर , नेम , फ़ेम, मनी , उन्नति , प्रगति , सफलता से भर दीजिए व उनकी सभी शुभ मनोकामनाएँ पूरी कर दीजिए।

दाएँ हाथ से

नारायण से प्रार्थना करें जिन भी लोगों से हम आज सुख भोगने वाले हैं, बीते हुए कल में जिनकी वजह से हमने सुख भोगा और आने वाले कल में जिनकी वजह से हम सुख भोगेंगे उन सभी के जीवन को प्यार, आदर सम्मान, विश्वास, देखभाल, नाम, प्रसिद्धि, पैसा; उन्नति, प्रगति, सफलता, शांति, समृद्धि से भर दें।

राम राम २१ सात बार करें।

॥ 卐 ॥

भोग में योग

एक बार ऋषि व्यास ने अपने पुत्र सुखदेव से कहा, 'पुत्र तुम्हें राजा जनक के पास जाकर उनसे भेंट करनी चाहिए, वह ज्ञान के भण्डार है।' पिता की आज्ञा लेकर सुखदेव राजा जनक के पास जाने को उद्दत हुए । वह राजा जनक से ज्ञान अर्जित करना चाहते थे पर उनके मन में उनके ज्ञान को लेकर दुविधा की स्थिति थी । वह राजा जनकके दरबार में पहुँचे जहाँ राजा जनक द्वारा उनका शानदार स्वागत किया गया । सुखदेव ने राजा जनक से कहा, 'राजन मेरे पिता श्री ने मुझे आपके पास ज्ञान अर्जित करने को भेजा है कृपया मुझे अपने ज्ञान के भण्डार से सराबोर करें।' पर राजन एक बात मेरी समझ से परे है कि एक राजा जो धनसंपदा और राजसी वैभव में फँसा है, जो स्त्रियों के संसर्ग में है वह एक उच्चकोटि का योगी कैसे हो सकता है'? इस पर राजा जनक ने कहा, 'पुत्र इस बात पर हम बाद में चर्चा करेंगे, पर यदि तुम मेरे शिष्य बनना चाहते हो तो तुमको एक परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी' कहते हुए उन्होंने एक तेल से भरा हुआ मटका उनके सिर पर रख दिया । फिर वह बोले, 'पुत्र तुम्हें इस तेल से भरे मटके को सिर पर रखकर महल के एक एक कक्ष में जाना है और ध्यान से हर कक्ष का निरीक्षण करना है । ध्यान रहे सिर पर रखे मटके से तेल की एक भी बूँद न छलके, यदि तुमने ऐसा कर दिखाया तो मैं तुम्हें अपने ज्ञान के भण्डार से भर दूंगा।'

राजा के कहे अनुसार सुखदेव ने तेल के मटके से भरा मटका सिर पर रखा और सफलता से अपना कार्य कर दिखाया। कार्य की सफलता के बाद जब सुखदेव राजा जनक के पास पहुँचा तो उन्होंने प्रसन्न होते हुए कहा, 'तुमने परीक्षा उत्तीर्ण कर ली पुत्र अब मैं तुम्हे ज्ञान दूँगा, पर इससे पहले मैं तुमसे एक प्रश्न करूँगा, 'मटका तेल से लबालब भरा हुआ था पर फिर भी बिना एक बूँद तेल गिराए तुम यह कार्य कर पाए इसका रहस्य क्या हैं ? सुख देव ने कहा, 'राजन मेरी आँखें कक्षों का निरीक्षण कर रहीं थीं पर मेरा संपूर्ण ध्यान मटके पर था।' सुखदेव के इतना उत्तर देते ही राजा जनक बोले, 'पुत्र ठीक तुम्हारी ही तरह मैं भौतिक संसार में रहते हुए, जीवन में विभिन्न किरदारों को निभाता हूँ पर मेरा ध्यान निरंतर ईश्वर और मेरे कर्मों पर रहता है और मैं निरंतर ज्ञान अर्जित करते हुए एक योगी का जीवन बहुत ही आसानी से जी पाता हूँ।'

ठीक इसी तरह यदि हम अपने जीवन में मिले प्रति किरदार के लिए ईमानदार रहते हुए आनंद के साथ अपने कर्तव्यों को पूरा करते हैं तो भोग में भी योग को प्राप्त किया जा साकता है।

आशीष जायसवाल को जन्मदिन (१६ फरवरी) पर सुख,शांति,समृद्धि,उन्नति, प्रगट,सेहत,सफलता भरे सप्त सितार जीवन का नारायण आशीर्वाद ।

प्राथमिक इच्छा पूरी करने की तकनीक

हमारी प्राथमिक इच्छा के फलित होने के लिए इंटेंशन के साथ प्रार्थना करेंगे। नारायण ने हमने जो समय दिया है उस समय के भीतर हमारी प्राथमिक इच्छा पूरी कर दी है।

राम राम २१×७ बार

हम अपनी प्राथमिक इच्छा के जल्दी फलित होने के लिए एक और प्रक्रिया का पालन करेंगे। अपनी ब्लेसिंग डायरी या कोई भी नोटबुक ले लीजिए। सबसे ऊपर लिखिए : नारायण आपके आशीर्वाद से हमारी फलीभूत करें प्रार्थनाएँ बुक देखिए । इस बुक में सभी अफ्फर्मेशन दिए हुए है। बुक में बताए अनुसार अपनी प्राथमिक इच्छा लिखिए।

अब लिखिए

१) नारायण आपका असीम धन्यवाद है, असीम धन्यवाद है, असीम धन्यवाद है।

यह स्टेटमेन्ट ५६ बार लिखेंगे। अगर आपके पास समय का अभाव है तो लिखिए

नारायण आपका असीम धन्यवाद है। (५६ बार)

यह स्टेटमेंट ५६ बार लिखने के बाद आपकी विश (इच्छा) दोबारा लिखिए।

जैसेः नारायण आपके आशीर्वाद से हमारे पास प्रचुर मात्रा में धन है, प्रचुर मात्रा में धन है,प्रचुर मात्रा में धन है।

प्राथमिक इच्छा लिखने का सर्वोत्तम समय है शाम ७ बजे के बाद। लिखने का एक ही समय और जगह निर्धारित कर लें। बेहतर होगा आप एक ही साथ पूरी प्रक्रिया खत्म करें। अगर आप ऐसा नहीं कर पाते हैं तो आप इसे टुकड़ों में लिख सकते हैं पर यह २४ घंटे में पूरी होनी चाहिए।

TECHNIQUE TO FULL FILL YOUR PRIORITY WISH

Prayer for our Priority wish with the intention that Narayan has granted our Priority wish within the time requested by us in our prayers.

Ram Ram 21x7

We shall follow one more process to fulfill our Priority wish at the earliest. Take your blessings diary or any notebook. Write on the top Narayan with your blessings. Refer our NRSP book Manifest your prayers All the affirmations are given in the book. Write your Priority wish as per guidance given in the book.

Now put

No.1) Write Narayan apka asim Dhanyawad hai, asim Dhanyawad hai, asim Dhanyawad hai.

(Narayan Thank you very much, thank you very much, thank you very much.)

This statement should be written 56 times.

If you do not get enough time write

1) Narayan apka asim Dhanyawad hai.(56 times).

After writing the above statement 56 times write your wish again.

For example Narayan with your blessings we have abundance of wealth, abundance of wealth, abundance of wealth.

The best time to write your Priority wish is after 7 pm. Fix a place and time for writing .It is better to complete the full process in one sitting, if you are unable to do so you can write in parts ,but it should be completed in a days time.(within 24 hours)

Pavaan Vani

Dear Narayan Premiyon,

|| Narayan Narayan ||

Narayan Reiki Satsang Parivar firmly abides by some principles. One of them is the principle to live every moment in a sense of appreciation. Gratitude and appreciation to nature for whatever it has bestowed upon us. Praise to the Lord who created this universe, by joining atoms together and creating this amazing nature. Praise to the divine Father who has created us. Appreciation for nature that has infused life into an effigy and created the best ever gift to the Universe. It has given us so many beautiful breaths that transmit as wonderful music in rhythm. It has given us a wonderful sight which gives us glimpses of the beauty of nature. We have been bestowed with intelligence to create the attitude of appreciation for this beauty. Awesome speech has been given so that with words one can express love. It has given us beautiful and invaluable hands and feet through which we carry out the service as directed by our wisdom. It has given us beautiful relationships which give us a reason to live life.

It has given us such beautiful trees, plants, flora, rivers, waterfalls, and the sea. Everything is amazing, incredible, and incomparable.

Wherever the vision goes, the mind fills with a sense of appreciation.

